राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com, Contact No. 7017836228

पत्रांकः—आर0एम0पी0यू0 /550 /2022 दिनांकः— 17जून, 2022

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या / प्रबंधक,
समस्त महाविद्यालय,
संबद्ध राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय,
अलीगढ़।

विषयः— स्नातक द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षा केन्द्र बनाये जाने के संबंध में।

महोदय / महोदया,

विश्वविद्यालय की परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 10 जून, 2022 में लिये गये निर्णय के अनुसार स्नातक द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा बहुविकल्पीय (MCQ) प्रकार की होगी तथा छात्र / छात्राओं को .75 प्रश्न दिये जायेगें जिनमे से 50 प्रश्न हल करने होगें। प्रश्न पत्र डेढ घण्टें का होगा।

उपर्युक्त परीक्षा दिनांक 06 अगस्त, 2022 से प्रस्तावित की गयी है तथा शीघ्र ही परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण सक्षम समिति द्वारा किया जायेगा। परीक्षा केन्द्र बनाने हेतु निम्नलिखित आधारभूत सुविधाओं का होना आवश्यक होगाः—

1. चाहरदीवारी।
2. पीने के पानी की व्यवस्था (RO) सहित।
3. बिजली के अतिरिक्त जनरेटर अथवा सोलर सिस्टम की उपलब्धता।
4. नियमित प्राचार्य की उपलब्धता।
5. महाविद्यालय तक पहुँचने हेतु पब्लिक ट्रांसपोर्ट की सुविधा।
6. प्रत्येक कक्ष में दो सी0सी0टी0वी0 केमरे (एक आगे एक पीछे) आडियो सिस्टम (माइक्रोफोन) की सुविधा भी होना आवश्यक है। अच्छी क्वालिटी का डी0वी0आर0 सिस्टम।

मा0 कुलपति जी के निर्देशानुसार महाविद्यालयों से अपेक्षा की जाती है कि उपर्युक्त संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए **महाविद्यालय में उपलब्ध डी0वी0आर0 का आई0पी0 एड्रेस सहित उपर्युक्त संसाधन की उपलब्धता का विवरण दिनांक 23 जून, 2022 तक प्रेषित करना सुनिश्चित करें।**

16/6/22
(महेश कुमार)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः—

1. मा0 कुलपति जी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
2. वित्त अधिकारी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
3. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, अलीगढ़।
4. गार्ड फाइल।

कुलसचिव

Scanned with CamScanner